# बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लि0, मोतिहारी

## –: अल्पकालीन खुले नीलामी की सूचना :–

गेहूँ/चावल के कारोबार करने वाले सभी व्यापारियों एवं अन्य इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि राज्य खाद्य निगम, मोतिहारी के टी0पी0डी0एस0 गोदाम केसरिया में भंडारित स्थिति के अनुसार बाढ़ से क्षतिग्रस्त खाद्यान्न टी0पी0डी0एस0 चावल 525.00 क्विं0 का बेस प्राईस 2709.00 रू0 प्रति क्वीं0 का 25 प्रतिशत् 677.25 रू0 एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ 132.05 क्विं0 का बेस प्राईस 1840.00 रू0 प्रति क्वीं0 का 10 प्रतिशत् 184.00 रू0 के दर पर खुले नीलामी की जानी है। खुले नीलामी की निम्नलिखित शर्ते हैं :–

1. नीलामी में बोली लगाने वाले व्यक्ति के पास GST NO., PAN No. तथा Registration No. होना अनिवार्य है ।
2. अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को खाद्यान्न की आपूर्ति की जाएगी ।
3. नीलामी में शामिल बोली लगाने वाले व्यक्ति को पच्चीस हजार रू0 का बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमानत राशि के रूप में जमा करनी है। तभी नीलामी में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी । बैंक ड्राफ्ट **BIHAR STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD. MOTIHARI** के नाम से **Payable at MOTIHARI** को होना चाहिए ।
4. चयनित बोली दाता को टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ के मूल्य का 25% तत्काल जमा करना होगा। शेष पूरी राशि जमा करने के बाद ही टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ की आपूर्ति की जाएगी ।
5. चयनित होने के बाद एक सप्ताह के अंदर टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ का उठाव कर लेना होगा ।
6. चयनित होने के बाद अगर बोली दाता टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ का मूल्य जमा नहीं करेंगे तो उनकी जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी ।
7. नीलामी लेने वाले को टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ जहाँ है जैसा है कि स्थिति में है का उठाव करना होगा ।
8. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति पर किसी भी प्रकार का मुकदमा दर्ज नहीं होना चाहिए ।
9. इस नीलामी में जन वितरण प्रणाली विक्रेता भाग नहीं ले सकते हैं ।
10. नीलामी में भाग लेने वाले भंडारित टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ का निरीक्षण नीलामी की तिथि के पूर्व कर सकते हैं ।
11. चयनित बोली दाता अगर शर्तो के अनुसार टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ का मूल्य जमा नहीं करते है तो दूसरे नम्बर पर चयनित बोली दाता को निर्धारित शर्तो के अनुसार टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ दे दिया जाएगा तथा छोड़ने वाले की जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी ।
12. नीलामी हेतु विशेष जानकारी बिहार राज्य खाद्य निगम, मोतिहारी के कार्यालय से ली जा सकती है ।
13. टी0पी0डी0एस0 चावल एवं टी0पी0डी0एस0 गेहूँ की नीलामी, गठित समिति के समक्ष जिला पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में समिति के सदस्यों के उपस्थिति में दिनांक 26.04.2021 को की जाएगी। किसी कारण वश उक्त निलामी की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने की स्थिति में पुनः द्वितीय तिथि दिनांक 05.05.2021 एवं तृतीय तिथि 13.05.2021 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में की जाएगी।
14. निलामी की निविदा में भाग लेनेवाले सभी इच्छुक व्यक्ति को 5000 रू0 का शुल्क कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करना होगा। जो वापस करने योग्य नहीं होगा।

ह0
जिला प्रबंधक
रा0खा0नि0, मोतिहारी।

ज्ञापांक :– 487. दिनांक :– 12/4/2021

प्रतिलिपि :: प्रबंध निदेशक, राज्य खाद्य निगम, मुख्यालय पटना के सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :: निदेशक सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार पटना के सेवा में सादर सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि हिन्दुस्तान एवं दैनिक जागरण समाचार पत्र के पृष्ठ सं0–2 पर बॉक्स में प्रकाशित करने की कृपा की जाय ।

प्रतिलिपि :: आयुक्त के सचिव, तिरहुत, मुजफ्फरपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि :: जिला पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि :: महाप्रबंधक भंडारण, निगम मुख्यालय, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि :: महाप्रबंधक अधिप्राप्ति, निगम मुख्यालय, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि :: अपर समाहर्ता, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी/ जिला लेखा पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि नीलामी के लिए वर्णीत उपरोक्त तिथि एवं समय पर भाग लेने की कृपा की जाए।

प्रतिलिपि :: जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :: क्षेत्र प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम, पूर्वी चम्पारण द्वारा प्राधिकृत गुणवत्ता जॉच के पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि नीलामी की तिथि के लिए वर्णीत उपरोक्त तिथि एवं समय पर भाग लेने की कृपा की जाए।

12/4/21
जिला प्रबंधक
रा0खा0नि0, मोतिहारी।

Scanned with CamScanner